कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा

प्रसार शिक्षा निदेशालय

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर

क्रमांकः– एफ. ( )/भण्डार/कृविके/दौसा/2026/400 दिनांकः 24.02.2026

कोटेशन हेतु सूचना

कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा द्वारा किसानों एवं प्रशिक्षणार्थियों के भ्रमण हेतु किराए पर बस उपलब्ध करवाने हेतु इच्छुक फर्म/व्यक्ति से जिनके पास बैंक खाता व GST हो उपर्युक्त कार्य करने के लिए अपनी दरे बन्द लिफाफे में भरकर दिनांक 06.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्राप्त कोटेशन दिनांक 06.03.2026 को दोपहर 12:30 बजे क्रय समिति द्वारा खोले जाएगें। इस कार्य की अनुमानित लागत लगभग नब्बे हजार रुपए (90,000/–) होगी। इस दर कोटेशन की सूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट www.sknau.ac.in पर भी उपलब्ध है।

क्र सं	वाहन का प्रकार	बैठने की क्षमता	दर प्रति किमी. (100 किमी. प्रतिदिन तक) सभी करों सहित	दर प्रति किमी. (100–250 किमी. प्रतिदिन तक) सभी करों सहित	दर प्रति किमी. (250 किमी. प्रतिदिन से अधिक) सभी करों सहित
1	राज्य में भ्रमण के लिए बस	42 सीटर न्यूनतम			

निविदा की शर्तें :–

1. बस को राज्य के किसी भी स्थान पर भ्रमण के लिए के.वि.के. दौसा अथवा बताये स्थान से ले जाकर वापस के.वि.के. दौसा पर लाना होगा।
2. वाहन का ऑल इण्डिया परमिट होना आवश्यक है।
3. वाहन का परमिट, वाहन का बीमा व चालक लाईसेन्स होना आवश्यक है।
4. वाहन का 2018 के बाद पंजीकृत होना आवश्यक है।
5. भ्रमण के दौरान अकस्मात किसी भी दुर्घटना की स्थिति में वाहन में सवार यात्रियों, कृषकों, चालक एवं वाहन की क्षतिपूर्ति के लिए वाहन मालिक/यात्रा कम्पनी ही पूर्ण जिम्मेदार होगी।
6. वाहन से सम्बन्धित किसी भी तरह के खर्च को वाहन मालिक स्वयं को वहन करना होगा।
7. निविदा को निरस्त करने के सभी अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होंगे।
8. निविदादाता द्वारा समय पर यात्रा हेतु वाहन उपलब्ध नही कराने पर सम्बन्धित व्यक्ति/फर्म पर सख्त कार्यवाही की जावेगी एवं फर्म/व्यक्ति को भुगतान नहीं किया जायेगा।
9. किराया की दरें प्रति किलोमीटर के हिसाब से देय होगी, जिसमें डीजल, ऑयल, टोल टैक्स, स्टेट एण्ट्री फीस, नाइट चार्जेज, पार्किंग चार्ज परमिट एवं अन्य कर/खर्च आदि बस मालिक द्वारा देय होगा।
10. गाडी का मेन्टीनेंस एवं चालक परिचालक का खर्च बस मालिक द्वारा देय होगा।
11. प्रस्तुत दरें सभी करों सहित मान्य होगी।
12. बस के समस्त कागजात पूर्ण होना अनिवार्य है।
13. बस में बैठनें हेतु सीटें आरामदायक होनी चाहिए तथा सामान (लगेज) हेतु पर्याप्त स्थान होना चाहिये।
14. बस में म्युजिक सिस्टम सही कन्डीशन में होना चाहिये।
15. बस के ग्लास एयर टाइट होना अनिवार्य है।
16. चालक एवं परिचालक का दैनिक खर्चा बस मालिक स्वयं का होगा।
17. उपर्युक्त दरें कार्यादेश से आगामी एक वर्ष के लिए मान्य रहेगी जिन्हें आपसी सहमति से तीन महीने के लिए बढ़ाया जा सकता है।
18. दिन की गणना यात्रा शुरु करने से 24 घंटे तक की जावेगी।

19. बस भ्रमण के दौरान सूचनानुसार समय पर के.वि.के., दौसा या अन्य निर्देशानुसार स्थान पर उपलब्ध करवानी होगी।
20. बस सक्षम कमेटी की सिफारिश के बाद ही स्वीकृत या अस्वीकृत की जावेगी।
21. मार्ग में गाड़ी खराब होने पर दूसरी बस समय पर उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
22. भ्रमण के लिए 3 दिन पूर्व सूचित किया जायेगा।
23. निविदा फार्म के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करने होगें:–
    a. ट्रेवल एजेन्सी की स्थिति में एजेन्सी का लाइसेन्स।
    b. बस मालिक की स्थिति में बस की आर.सी. की छायाप्रति सत्यापित।
    c. जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र।
    d. बस के परमिट की छायाप्रति सत्यापित।
24. भुगतान कार्य होने पर बिल प्रस्तुत करने के बाद ऑनलाइन या चेक द्वारा नियमानुसार आयकर कटौती कर किया जावेगा।
25. न्यूनतम निविदा दर को कृषि विज्ञान केंद्र, दौसा स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं होगा।
26. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

(हस्ताक्षर निविदादाता)

Byar

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Dausa

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्तुत है:–

1. श्रीमान् निदेशक महोदय, प्रसार शिक्षा निदेशालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर।
2. श्रीमान् वित्त नियंत्रक महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर।
3. प्रभारी, सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर।
4. संयोजक / सदस्य, निविदा समिति, कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा।
5. लेखा शाखा, कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा।
6. नोटिस बोर्ड, कृषि विज्ञान केन्द्र, दौसा।
7. रक्षित पत्रावली।

Byar

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष
Senior Scientist & Head
Krishi Vigyan Kendra
Dausa